भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *174

जिसका उत्तर 30.07.2026 को दिया जाना है

बिहार में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की स्थिति

*174. श्री राजेश रंजन:

श्री रामप्रीत मंडल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय बजट 2024-25 में घोषित पटना पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं और बक्सर में गंगा नदी पर दो लेन के अतिरिक्त पुल के निर्माण से संबंधित परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) उक्त प्रत्येक परियोजना पर अब तक खर्च की गई धनराशि का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"बिहार में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की स्थिति" के संबंध में श्री राजेश रंजन और श्री रामप्रीत मंडल द्वारा पूछे गए दिनांक 30.07.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *174 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख) विवरण अनुलग्नक में संलग्न हैं।

अनुलग्नक

"बिहार में एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की स्थिति" के संबंध में श्री राजेश रंजन और श्री रामप्रीत मंडल द्वारा पूछे गए दिनांक 30.07.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *174 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं	एक्सप्रेसवे/हाई स्पीड कॉरिडोर का नाम	राज्य का नाम	बिहार में कुल लंबाई (किमी में)	बिहार में शामिल जिला	संरेखण अनुमोदन/परियोजना अनुमोदन	परियोजना लागत (करोड़ रु. में)	व्यय (करोड़ रु. में)	वास्तविक प्रगति (प्रतिशत में)	कार्य पूरा होने की निर्धारित तिथि/कार्य पूरा होने की संशोधित निर्धारित तिथि
1	पटना- पूर्णिया	बिहार	245/ 245	वैशाली,समस्तीपुर,दरभंगा, मधेपुरा,सहरसा,पूर्णिया	15.01.2025 को संरेखण अनुमोदित 06.02.2026 को पीपीपीएसी ने सिफारिश की	-	-	-	प्रारंभ होने की तिथि से 3 वर्ष
2	बक्सर- भागलपुर	बिहार	13.01.2026 को डीपीआर परामर्शदाता को नियुक्त किया गया						
3	बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त 2-लेन का पुल	बिहार/उत्तर प्रदेश	3.3	बक्सर, बलिया	परियोजना अनुमोदित और कार्य शुरू हो गया।	531.6	47.1	20.16	20.08.2025 /19.02.2028
4	दरभंगा, बोधगया, राजगीर और वैशाली से आमस-दरभंगा हाई स्पीड कॉरिडोर तक स्पर कनेक्टिविटी	बिहार	अंतिम रूप नहीं दिया गया है	गया, बिहारशरीफ, दरभंगा, वैशाली	4.9.2025 को डीपीआर शुरु की गई				

*****